देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 17 अंक: 25 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**
टोकियो शिखर बैठक



# पेज श्री

देहरादून, रविवार, 24 अप्रैल 2022



मौसम अधिकतम 35.0° न्यूनतम 24.0° | 41243.40

2 कीव में दिल दहला देने वाला नजारा | 7 इंग्लैंड में धूम मचा रहे चेतेश्वर पुजारा

# तीन बड़ी कार्रवाई कर चुके, कुछ की तैयारी

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने क्रांति दिवस मेले का किया उद्घाटन

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि के साथ–साथ सैनिक बाहुल्य क्षेत्र है। यहां के सौहार्द पूर्ण माहौल को बिगाड़ने की इजाजत किसी को नहीं दी जाएगी। राज्य में समान नागरिक संहिता को लागू किए जाने को लेकर जल्द ही एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा।

शनिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पौड़ी जनपद के विकासखंड थलीसैंण के पीठसैंण पहुंचे। यहां उन्होने पेशावर कांड के महानायक वीर चंद्र सिंह गढ़वाली जी की स्मृति में आयोजित क्रांति दिवस मेले का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होने गढ़वाली जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आहवान भी किया।

मुख्यमंत्री ने वीर चंद्र सिंह गढ़वाली क्रांति दिवस मेले को राजकीय मेला घोषित किए जाने , थलीसैण में वाहन पार्किंग निर्माण की स्वीकृति ,श्रीनगर विधानसभा के अन्तर्गत कच्ची सड़कों का डामरीकरण की स्वीकृति ,देवराड़ी देवी मैदान चौथान में मिनी स्टेडियम का निर्माण, चौरीखाल से कफल्ड मुसेटी लामसेम बैंड थलीसैंण तक सड़क का निर्माण कार्य किए जाने की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने किशोरी एवं महालक्ष्मी किट के लाभार्थियों को किट वितरित किए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भगवान बिनसर की भूमि को नमन करते हुए कहा कि वीरो की भूमि पर दोबारा आने का मौका मिला है । हमारे शहीदों के परिश्रम, बलिदान, संघर्ष को आने वाली पीढ़ी जाने इसके लिए इस तरह के कार्यक्रम होने जरूरी हैं ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार "विकल्प रहित संकल्प" के ध्येय वाक्य पर काम कर रही है। जो घोषणा पूर्व में की गई हैं उनके शासनादेश भी जारी हो रहे हैं। उनके नेतृत्व में यह दशक उत्तराखंड का दशक होगा। रजत जयंती के अवसर पर उत्तराखंड देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य होगा। उन्होंने कहा हमारा राज्य हर क्षेत्र में आगे बढ़े, इसके लिए सरकार निरंतर विकास कार्य कर रही है।

आयुष्मान योजना से उत्तराखंड में करीब 5 लाख से ज्यादा लोगों को जोड़ा गया है। वही गरीब कल्याण अन्न योजना ने कोरोना काल में भी किसी गरीब को भूखा नहीं सोने दिया।



### सबके लिए एक समान कानून होगा : सीएम धामी

सीएम धामी ने कहा कि तीन बड़ी कार्रवाई सरकार कर चुकी हैं। कई बड़ी कार्रवाई प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि चुनाव में यह कहकर गए थे कि यह चुनाव काम करने व कारनामे करने वाले के बीच है। जनता ने काम करने वालों को आशीर्वाद दिया। धामी ने कहा कि पूरे प्रदेश में सबके लिए एक समान कानून होगा। उत्तराखंड में कानून–व्यवस्था की स्थिति बनी रहे। बताया कि बाहरी राज्यों से आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का सघन भौतिक सत्यापन किया जाएगा। इसके अलावा धामी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में केदारनाथ में 400 करोड़ से ज्यादा की लागत से तीन चरणों का कार्य पूर्ण होकर चौथे चरण का कार्य शुरू हो चुका है।

### तालिबान के सामने चुनौती खत्म नहीं

उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने कहा कि बूंगीधार में स्थित चिकित्सालय का उच्चीकरण किया जाएगा। कहा कि थलीसैंण अल्ट्रासाउड, गाइनो के अलावा कई चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। नए बजट में सरकार ने गरीब परिवारो हेतु एक साल में तीन सिलेंडर मुफ्त देने का वादा किया है जो पूरा किया जाएगा। अब पति–पत्नी दोनों को वृद्घावस्था पेंशन योजना का लाभ दिया हैं। इससे पूर्व मुख्य मंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किशोरी रक्षा किट का वितरण किया । देश पर प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों के परिजनों तथा स्वतंत्रता सैनानियों को शॉल ओढाकर सम्मानित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी भंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। उत्तराखंड में महिला कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी भंग कर दी गई है। हाल ही में प्रदेश अध्यक्ष बनाई गई ज्योति रौतेला और चार प्रदेश उपाध्यक्ष यथावत रहेंगे। शनिवार को अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव परमिंदर कौर ने पत्र जारी किया। उन्होंने प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष को भेजे पत्र में बताया कि हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों के बाद तत्काल प्रभाव से जिला और ब्लाक कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया है।

### कचरे के पहाड़ पर एनजीटी की तल्ख टिप्पणी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। एनजीटी ने लैंडफिल साइटों पर आग लगने की घटनाओं पर गंभीर चिंता जताई है। एनजीटी का कहना है कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और अन्य शहरों में मौजूद कचरे के ढेर यानी डंपिंग साइट किसी टाइम बम की तरह हैं।

# बाहर से आतंकी हमला हुआ तो सीमा लांघने से नहीं हिचकेंगे

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की दो–टूक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

गुवाहाटी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि भारत सीमा पार से देश को निशाना बनाने वाले आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करने से नहीं हिचकिचाएगा। साल 1971 के भारत–पाकिस्तान युद्ध के असम स्थित दिग्गजों को सम्मानित किए जाने वाले कार्यक्रम में सिंह ने कहा कि सरकार देश से आतंकवाद का सफाया करने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत यह संदेश देने में सफल रहा है कि आतंकवाद से सख्ती से निपटा जाएगा।

सिंह ने यह भी कहा कि अगर देश को बाहर से निशाना बनाया जाता है तो हम सीमा पार करने से नहीं हिचकिचाएंगे। देश की पूर्वी सीमा वर्तमान में पश्चिमी सीमा की तुलना में अधिक शांति और स्थिरता का अनुभव कर रही है। यहां हमारी सीमा मित्र राष्ट्र बांग्लादेश से मिलती हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिमी सीमा पर भारत जिस तनाव का अनुभव कर रहा है, वह पूर्वी सीमा पर मौजूद नहीं है। इस सीमा पर घुसपैठ की समस्या लगभग खत्म हो गई है। सीमा पर अब शांति और स्थिरता है।

1971 युद्ध के वीरों के सम्मान समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि इस बार इंडो–चाइना के टकराव के समय मैंने अपने सेना के शौर्य और पराक्रम को देखा। मेरा भरोसा पक्का हो गया है कि दुनिया की कितनी बड़ी ताकत हो वह भारत माता के शीश को झुका नहीं सकती है।

राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि हाल ही में असम के 23 जिलों से अफ्सपा को पूरी तरह हटाया गया है। मणिपुर और नगालैंड के 15–15 पुलिस थानों से भी अफ्सपा हटाया गया है। यह इस इलाके में आई शांति और स्थिरता के कारण ही संभव हो पाया है। इसमें पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्यमंत्रियों की जितनी सराहना की जाए कम है।

### आतंकवाद से सख्ती से निपटा जाएगा



राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार देश से आतंकवाद का सफाया करने के लिए काम कर रही है। भारत पहले ही यह संदेश देने में सफल रहा है कि आतंकवाद से सख्ती से निपटा जाएगा।

# अधिकारियों पर यात्रा तैयारियों को लेकर बरसे महाराज

**संवाददाता**

देहरादून। 3 मई से शुरू होने जा रही चारधाम यात्रा को लेकर भले ही सरकार अति उत्साहित हो लेकिन इस यात्रा की तैयारियों को लेकर शनिवार को पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों पर आगबबूला दिखे। पर्यटन मंत्री ने अधिकारियों को इस यात्रा की तैयारियों को लेकर जमकर लताड़ा। उन्होंने खुद ही कई सवाल उठाते हुए पूछा कि क्या यात्रा मार्गों पर टॉयलेट की व्यवस्था की गई है? उन्होंने कहा कि वह खुद इन यात्रा मार्गों का निरीक्षण कर चुके हैं कहीं भी शौचालय की समुचित व्यवस्था नहीं की गई है। उन्होंने यात्रा मार्गों पर लगने वाले जाम से निपटने की तैयारियों पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि वह खुद दो घंटे तक जाम में फंसे रहे। जबकि अभी तो चारधाम यात्रा शुरू भी नहीं हुई जब यात्रा शुरू होगी तब क्या होगा। उन्होंने कहा कि अभी तक वाहनों के पार्किंग और पथ प्रकाश तक की व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं हो सकी हैं ऐसे में चारधाम यात्रा के दौरान यात्रियों को परेशानियां होंगी ही। उन्होंने चारधाम यात्रा मार्गों पर बने भूस्खलन जोन में सुरक्षा प्रबंधों पर सवाल उठाते हुए अधिकारियों को जमकर लताड़ लगाई। पर्यटन मंत्री ने सीधे–सीधे जीएमवीएन के एमडी से पूछा कि हेली सेवा के लिए होने वाली ब्लैक मेलिंग को रोकने के लिए उन्होंने क्या किया है।

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज समीक्षा बैठक में चारधाम यात्रा की जमीनी सच्चाई की हकीकत खुद खोलते नजर आए। चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर सतपाल महाराज ने अधिकारियों से भले ही नाराजगी जताई हो और खुद ही यह कहा हो कि इस तरह की व्यवस्थाओं में हम कैसे सुरक्षित और सुखद चारधाम यात्रा की बात कर सकते हैं।

### फटकार

■यात्रा मार्गों पर बने भूस्खलन जोन में सुरक्षा प्रबंधों पर सवाल

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# हनुमान चालीसा के पाठ को लेकर गरमाई राजनीति

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। महाराष्ट्र में हनुमान चालीसा के पाठ को लेकर राजनीति गरमाने लगी है। मुंबई पुलिस ने शनिवार शाम को विधायक रवि राणा और उनकी पत्नी सांसद नवनीत राणा को कथित तौर पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी पैदा करने के आरोप में यहां उपनगरीय खार में उनके घर से गिरफ्तार किया।

### सांसद नवनीत राणा और उनके पति गिरफ्तार

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के निजी आवास मातोश्री के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ करने की अपनी योजना को रद करने के कुछ घंटों बाद यह घटनाक्रम सामने आया। राणा दंपत्ति पर आईपीसी की धारा 153 (ए) (धर्म, जाति, जन्म स्थान, निवास, भाषा आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना और सद्भाव बनाए रखने के लिए प्रतिकूल कार्य करना और धारा 135 के तहत मामला दर्ज किया गया है। देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर में कहा कि शिवसेना के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार का पूरे प्रकरण को संभालने का तरीका बहुत बचकाना था। राज्य सरकार अपनी विफलताओं को छिपाने की कोशिश करती है।